एक नजर

मंदार में नामांकन के लिए बच्चों की जांच परीक्षा

बाराहाट (बांका) : अद्वैत मिशन हाई स्कूल मंदार विद्यापीठ में रविवार को सत्र 2015 में नामांकन हेतु टेस्ट परीक्षा विद्यालय के प्राचार्य मोहन दासन के संरक्षण में शाति पूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि नामाकन टेस्ट परीक्षा में केजी 2 से लेकर 8 तक के करीब 3 सौ से अधिक बच्चे हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर अभिभवकों व बच्चों से भर गया था। इस मौके पर संस्थान के निदेशक आदित्य नाथ ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। इसलिए इन्हें भावनाओं के अनुरुप ढल कर उचित ज्ञान देना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

पानी बहाने को लेकर मारपीट

बाराहाट (बांका) : थाना क्षेत्र के आकागोडा गांव में पानी निकासी को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बाराहाट पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तुरंत अस्पताल ला कर इलाज कराया। बता दे कि इस बावत दोनो पक्षों द्वारा अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इस वावत प्रथम पक्ष से बाबुलाल रजक ने लखन रजक, अजय रजक, बासुकी रजक, कामो देवी, अंजू देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है।.वहीं दूसरे पक्ष के वादी लखन रजक ने बाबुलाल रजक, गुडडू रजक, श्यामा रजक, सलोनना रजक, मीरा

वैज्ञानिकों ने किया मंदार का भ्रमण

संवाद सूत्र, बाराहाट (बांका) : शैक्षणिक भ्रमण पर आए वैज्ञानिकों का दल ने मंदार पर्वत के उपरी क्षेत्र के चट्टानों पर संजीवनी बूटी सीलेजिनेला आदि का संग्रह किया। बताया कि यह फण समूह का पौधा है।

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण कोलकाता एवं टीएनबी कॉलेज के तत्वावधान में भागलपुर में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल होने आए वैज्ञानिकों की टीम रविवार मंदार का भ्रमण किया। प्रतिभागियों को तीन समूह में बांट कर मंदार क्षेत्र के पौधे की पहचान करायी गयी। भ्रमण के दौरान पुष्पीय पौधे के साथ- साथ अपुष्पीय शैवाल, फफुंदी, हरितोदर्शित, लाइकेन का संग्रह एवं पहचान कराया गया। पुष्पीय पौधे के पहचान में विभिन्न प्रकार के शाकीय पौधे झारीनुमा पौधे, पेड़ व लताओं का भी संग्रह किया। नमी वाले क्षेत्रों का आकर्षण अपुस्पीय पौधे जैसे रिक्सीया, एन्थेसेरास हरितोदि्शद, एवं मोसेस भी रहा। इन सभी पौधे की पहचान भारतीय वनस्पती सर्वेक्षण वैज्ञानिक डा देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिभागियों को कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के बाद प्रतिभागी ने अद्वैत मिशन पहुंच कर संग्रह पौधे को स्थायी संरक्षण हेतु समीक्षा की। यहां संस्थान के निदेशक आदित्यनाथ से बातचीत की। कार्यक्रम के आयोजक सचिव टीएन बी के डॉ. हीरेन्द्र कुमार चौरसिया एवं समन्वयक डॉ. पी लक्ष्मी सहित अन्य थे।

अद्वैत मिशन में शोध के लिए आए छात्र-छात्राएं। जागरण

इसमें हरियाणा, आसाम पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित अन्य राज्य के प्रतिनिधि थे। इस दौरान यूजीसी कोलकाता के डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. वी साम्पत कुमार, डॉ. संगीता दास चौधरी, गोपाल कृष्णा, आनंन्द कुमार, भागलपुर के डॉ. बीके चौधरी, डॉ. एचके चौरसीया, डॉ. राजकिशेर महतो, डॉ. नरेश पंडित, डॉ. माखन सिंह, दुमका के अनुराधा दास, आसाम से तिरूपति रत्नाकर, पाकुड़ से डॉ. प्रसनजित मुखर के साथ सिकु कुमारी, पूजा कुमारी, सुमित कुमार, संजय कुमार, अभिलाषा कुमारी, किरण भारती आदि ने भाग लिया।